# संजौली कॉलेज में विशाल रैली निकालकर किया नशे का विरोध, महीना भर नशा निवारण के कार्यक्रमों की लगेगी झड़ी

संजौली कॉलेज में विशाल रैली निकालकर किया नशे का विरोध, महीना भर नशा निवारण के कार्यक्रमों की लगेगी झड़ी




आज दिनांक 15 नवंबर 2019 को उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में नशा निवारण और समाज से नशे के समूल विनाश के उद्देश्य से एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसके द्वारा विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने नशे के विरोध में अपना रोष व्यक्त किया। कॉलेज प्रांगण में प्राचार्य डॉ चंद्र भान मेहता ने ' नशा न करेंगे, न करने देंगे ' - पर समाज के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारे कर्तव्यों का स्मरण करवाती एक शपथ दिलवाकर इस रैली का शुभारंभ किया। लगभग 600 शिक्षार्थियों ने संजौली चौक तक निकाली इस रैली में नारों द्वारा लोगों को नशे की बुराई के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। ' नशा नाश की जड़ है भाई , इसने देश में आग है लगाई ' - जैसे नारों द्वारा विद्यार्थियों ने अपने रोष को व्यक्त किया। रैली में विशेष रूप से एनएसएस, एनसीसी, रोवर और रेंजर सहित सभी विभागों के शिक्षार्थियों एवं आचार्यों ने



भी बढ़चढ़कर भाग लिया। सरकार द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम में महाविद्यालय अगले एक महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा समाज में जागरूकता का संदेश प्रचारित प्रसारित करता रहेगा। प्राचार्य मेहता ने कहा कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आचार्यों की समितियां बनाई गई हैं, जिनके माध्यम से शिक्षार्थी अलग अलग टोलियों में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। विभिन्न कार्यक्रमो में समाज में नशे के खिलाफ प्रचार के अलावा, भाषण, पेंटिंग, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटकों के आयोजन, विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के साथ सीधा संवाद कायम कर उन्हें एक दूसरे के लिए अधिक से अधिक समय निकालने के लिए प्रेरित करना, नशे से दूर रहने एवं खेलों व पारिवारिक गतिविधियों में बढ़चढकर भाग लेने के लिए विशेषज्ञों द्वारा प्रेरित करवाया जाना, जीवन में सफलता के सूत्रों पर व्याख्यान एवं उत्कृष्ट तम स्तर पर स्वयं को स्थापित करने के रहस्यों से अवगत करवाना, फिल्में व डॉक्यूमेंटरी दिखाना और छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना शामिल है। प्राचार्य डॉ चंद्र भान मेहता ने कहा कि प्रदेश सरकार के 'नशे का हिमाचल से समूल नाश करना है' इस अभियान में संजौली कॉलेज पूरी तन्मयता से भागीदारी करेगा।




